R.N.I.No. 22705 / 72

# सरस्वाणी

वर्ष: 53 | अंक : 11 | नवम्बर 2023 | विक्रम संवत् 2080 | कार्तिक | लागत मूल्य : ₹ 6

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई
## गोरेगांव क्षेत्रीय समिति द्वारा आयोजित

# स्वर्णिम सफर
एवम्
# दीपावली स्नेहमिलन

**रविवार 26 नवम्बर 2023, सायं 4 बजे से**

**स्थल**

ब्रह्मा महेश ग्राउन्ड, बांगुर नगर, माइंडस्पेस की तरफ से प्रवेश, गोरेगांव पश्चिम.

**मुख्य अतिथि**

**श्री गोविन्दनारायणजी कालानी (समर्पित समाजसेवी)**

**Main Highlights of events :**

- Women Empowerment Programme & Exhibition Stalls
- Musical Event by renowned singer ***KAVITA MURTI***
- Felicitation of Past Presidents & Secretaries of Goregaon Samiti
- Meritorious students Award Ceremony
- Get Together and Annkoot Mahaprasad

| निवेदक | अध्यक्ष / अध्यक्षा | मंत्री / संयोजक / संयोजिका |
|---|---|---|
| माहेश्वरी प्रगति मण्डल | प्रमोद कुमार देवपुरा | नारायण मालपानी |
| गोरेगांव क्षेत्रीय समिति | गोपालकृष्ण मालपानी | विनय बियानी |
| गोरेगांव महिला समिति | सुनिता भट्टड | संगीता तोतला |
| गोरेगांव युवा समिति | आदित्य कासट | नन्दकिशोर दरक |

**कार्यक्रम संयोजक** - राधेश्याम डालिया

SAVE THE DATE

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई
## वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह

शनिवार दि. 6 जनवरी 2024, सायं 6 बजे

**स्थल :** श्री षण्मुखानन्द चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती सभागार, किंग्ज सर्कल, मुम्बई

P 10-11

**BORIVALI YUVA SAMITI PRESENTS MPL X4**

P 4

## भावी कार्यक्रम एक नजर में. . .

| क्र. | कार्यक्रम विवरण | आयोजक | दिनांक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | स्वर्णिम सफर | गोरेगांव क्षेत्रीय समितियाँ | 26 नवम्बर | 01 |
| 02. | MPL-X4 | बोरीवली युवा समिति | 1-3 दिसम्बर | 04 |
| 03. | मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता) | घाटकोपर महिला समिति | 16 दिसम्बर | 06 |
| 04. | गीता जयंती उत्सव | दक्षिण मुम्बई महिला समिति | 23 दिसम्बर | 09 |
| 05. | वार्षिकोत्सव (नियमावली) | माहेश्वरी प्रगति मण्डल | 6 जनवरी 2024 | 10-11 |

## विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित दीपावली स्नेह सम्मेलन

| क्षेत्र | दिनांक व समय | स्थान | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| दक्षिण मुम्बई | शनिवार, 18-11-2023 सायं 6 बजे | माहेश्वरी भवन, गिरगांव | दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट एवं भजन संध्या P-5 |
| घाटकोपर | शनिवार, 18-11-2023 सायं 7 बजे | माहेश्वरी भवन, घाटकोपर | दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट एवं भजन संध्या |
| अंधेरी | शनिवार, 18-11-2023 सायं 6.30 बजे | माहेश्वरी भवन, अंधेरी | दीपावली स्नेहमिलन, विद्यार्थी अभिनन्दन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम P-5 |
| बोरीवली | शनिवार, 18-11-2023 सायं 6-01 बजे | बोरीवली प्लॉट | दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट प्रसाद, छप्पन भोग एवं भजन संध्या P-6 |
| मध्य मुम्बई | रविवार, 19-11-2023 प्रात: 10 बजे | पार्टी हॉल-पोडियम, लोटस एनपार रेसी., लोअर परेल (प.) | दीपावली स्नेहमिलन एवं अन्नकूट प्रसाद |
| मुलुण्ड | शनिवार, 25-11-2023 सायं 7 बजे | श्रीश्री रविशंकर हॉल, परमेश्वरी टॉवर, मुलुंड (प.) | दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट, भजन संध्या एवं मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन P-5 |
| मालाड | शनिवार, 25-11-2023 सायं 4-30 बजे | माहेश्वरी भवन, अंधेरी | दीपावली स्नेहमिलन एवं अन्नकूट प्रसाद P-6 |
| गोरेगांव | रविवार, 26-11-2023 सायं 4 बजे | ब्रह्मा महेश ग्राउन्ड, बांगुर नगर, माइंडस्पेस की तरफ से प्रवेश, गोरेगांव (प.) | स्वर्णिम सफर, दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट प्रसाद, सूरमयी संध्या एवं मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह P-1 |

## राधाकृष्ण लाहोटी कोष में अनुदान हेतु विनम्र निवेदन।

मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष श्री राधाकृष्ण लाहोटी के निधन के पश्चात् वर्ष 1977 में उनकी स्मृति में राधाकृष्ण लाहोटी सहायता कोष की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य असहाय बन्धु-बहनों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। अब तक इस कोष के माध्यम से लगभग एक करोड रुपयों से अधिक की आर्थिक सहायता दी गयी है। वर्तमान में 108 लाभार्थियों को सहायता दी जा रही है जिसकी पूर्ति समाजबन्धुओं से निम्नलिखित प्रसंगों पर अनुदान एकत्रित कर की जाती है।

पुत्र/पुत्री के विवाह के उपलक्ष्य में, दादा-दादी एवं नाना-नानी बनने के उपलक्ष्य में, परिवार के सदस्यों की पुण्य स्मृति पर, नूतन गृहप्रवेश के अवसर पर, जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ/रजत-स्वर्ण जयन्ती आदि प्रसंगों पर।

आपसे नम्र निवेदन है कि उपरोक्त मांगलिक प्रसंगों के उपलक्ष्य में अपना समुचित अनुदान देकर इस पुनीत कार्य में सहयोगी बने। अनुदान की राशि पर आयकर की धारा 80G के अन्तर्गत छूट प्राप्त है। कृपया चेक Maheshwari Pragati Mandal के नाम से मण्डल कार्यालय में प्रेषित करें।

| | | |
|---|---|---|
| शानु काबरा (9967630337) | ।। विनम्र ।। | कल्पना लोहिया (9323008960) |
| अध्यक्षा | (विवाह सहयोग समिति) | संयोजिका |



आप जो भी है, अपनी परिस्थितियों के कारण नहीं, बल्कि अपने फैसलों के परिणाम के कारण है ।

प्रिय स्वजनों,

जय श्रीकृष्ण।

गत दि. 15 से 24 अक्टूबर तक हम सभी ने नवरात्रि पर्व माँ दुर्गा, सरस्वती आदि विविध देवी के स्वरूपों का पूजन करते हुए विजयादशमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्रजी के विजय पर्व के रूप में मनाया। हमारी महिला व युवा शक्ति ने रास गरबा व डांड़िया का आयोजन कर नवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया।

बन्धुओं संगीत एक संस्कार है एवं उपासना है। इस कला के माध्यम से मनुष्य को आनन्द तो मिलता ही है साथ साथ stress भी दूर होता है। संगीत में जब भक्तिरस का मिलाप होता है तो वह परमानन्द की अनुभूति करवाता है। संत नरसी मेहता, मीराबाई, कबीरदास, सूरदास, संत तुकाराम आदि अनेक संत हो गये जिन्होंने भक्ति संगीत के माध्यम से ही परमानन्द की व मोक्ष की प्राप्ति की है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए हमारी संस्कार समिति ने भक्ति संगीत की प्रतियोगिता आयोजित की थी। प्रत्याशियों को संगीत के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित करवाकर 'भजन सम्राट' का ग्रॅन्ड फिनाले गत 29 अक्टूबर को आयोजित किया था जिसका समाजबन्धुओं ने भी आनन्द लिया। समिति के सभी कार्यकर्ताओं का इस हेतु हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

अन्धेरी क्षेत्र की समितियों ने भी 7 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों का तीन दिवसीय संस्कार व विविध विषयों पर प्रशिक्षण शिविर बहुत ही अच्छे रूप में आयोजित कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। समापन के दिन बच्चों के माता-पिता को आमंत्रित कर उनका भी मार्गदर्शन किया। मण्डल परिवार आप सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनन्दन करता हैं।

बन्धुओं मण्डल की स्थापना के 66 वर्ष पूर्ण हो गये है। मण्डल ने सामाजिक गतिविधियों को अधिक सुगमता से करने के लिये क्षेत्रीय समितियों का गठन किया। आपको बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस द्विवर्षीय सत्र में गत वर्ष घाटकोपर क्षेत्रीय समिति के 50 वर्ष पूर्ण हुए और अब इस वर्ष गोरेगांव क्षेत्रीय समिति के 50 वर्ष पूर्ण हो रहे है जिसका महोत्सव हम 26 नवम्बर को मनायेंगे। बोरीवली क्षेत्रीय समिति भी अपना स्वर्ण महोत्सव इसी सत्र में मनायेगी। इन तीनों क्षेत्रों के वर्तमान एवं पूर्व कार्यकर्ताओं का तथा समाजबन्धुओं का इस स्वर्णिम सफर में अमूल्य योगदान रहा है। आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन एवं साधुवाद करता हूँ।

अब अपनी भारतीय संस्कृति का विशेष पर्व अर्थात दीपोत्सव पर्व है। हम सभी प्रति वर्ष यह प्रकाश-पर्व हर्षोल्लास से मनाते हैं। प्रकाश का पर्व अर्थात ज्ञान का प्रकाश, सत्य का प्रकाश। अपनी संस्कृति में कहा है, असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय। अर्थात मुझे असत्य से सत्य की ओर व अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। सत्य से प्रकाशित परिवार व समाज की संरचना, यही मूल मंत्र है दीपावली का और जहां सत्य व ज्ञान का दीपक अविरत प्रज्ज्वलित रहता है, उनका जीवन हमेशा ही सुख, समृद्धि व शान्ति से परिपूर्ण रहता है।

दीपावली का और एक संदेश है जो हमें हमेशा अपने आचरण में रखना चाहिए। एक छोटासा दीपक तिल-तिल जलकर, अपनी चारों ओर प्रकाश बिखेरता है उसी प्रकार हमें भी किसी गरीब दु:खी-कष्टी के जीवन में खुशियां बांटनी चाहिए। इसके लिये हमें बहुत बड़ा त्याग करना नहीं है। हमारे घर के नौकर-चाकर, सोसायटी के वॉचमन या कोई असहाय को कुछ मिठाई, कपड़े या उनके बच्चों की पढ़ाई में उपयुक्त वस्तुएं भेंट कर सकते हैं। मेरा विश्वास है, देने से जो खुशी होगी उसका आनन्द कुछ विशेष ही होगा।

साथियों, हम जानते ही है कि आजकल मुम्बई में वायुप्रदुषण बहुत अधिक हुआ है। शासन प्रणाली उनकी ओर से इस प्रदुषण को रोकने का प्रयास कर रही है, हमें उनका साथ देना होगा। यह प्रदुषण अपनी सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक है। इससे बचने के लिये हमें अधिक ध्यान देना होगा। साथ ही वायुप्रदुषण करने वाले वस्तुओं का उपयोग यथासम्भव कम करना होगा। विशेष रूप से इस दीपावली में पटाखे कम जलाए, न जलाए तो अधिक अच्छा होगा।

दीपावली की शुभकामनाओं सहित, जय महेश।

विनम्र

Pramod kumar Devpura

प्रमोदकुमार देवपुरा (अध्यक्ष)

मुम्बई

दिनांक : 11 नवम्बर 2023

# Borivali Yuva Samiti Presents
# MPL X4
## Enjoy The Cricket Festival

**Event Date : 1st, 2nd & 3rd Dec 2023**
**Venue : MPM Plot, Link Road, Borivali West**
**Opening Ceremony on 1st Dec.2023 @ 6.31 pm**




**For More Information Contact**

| Krishna G. Rander | Neha Loya Chichani | Monali Laddha | Nikunj Saboo |
|---|---|---|---|
| Adhyaksh – BYS | Sanyojika - BYS | Project Co-ordinator | Project Co-ordinator |
| 99209 01422 | 98192 95949 | 98197 20987 | 92206 29358 |

## अभिनन्दन ! अभिनन्दन !! अभिनन्दन !!!

मुम्बई महानगरपालिका के निवृत्त अतिरिक्त आयुक्त श्री सुरेशजी कांकाणी (IAS, 2003) को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग के 'सचिव' पदपर नियुक्त किया गया है। माहेश्वरी समाज आपकी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हुआ है। मण्डल परिवार इस हेतु आपका हार्दिक अभिनन्दन करते हुए शुभकामनाएँ प्रदान करता है।

नारायण मालपानी - मंत्री



इज्जत किया करों अपनी बहनों की, फिर चाहे अपनी हो या फिर दूसरों की।

## अंधेरी क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

### मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन, दीपावली स्नेह सम्मेलन एवं समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

# ब्रम्हनाद

**शनिवार, 18 नवंबर 2023, सायं 6.30 बजे • माहेश्वरी भवन, अंधेरी (पश्चिम)**

मुख्य अतिथि : **श्री अनिरुद्ध अशोकजी दम्मानी**

Managing Partner - Artha Venture Partners (India's First Micro VC Fund House)

| निवेदक | माहेश्वरी प्रगति मण्डल | अंधेरी क्षेत्रीय समिति | अंधेरी महिला समिति | अंधेरी युवा समिति |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष/अध्यक्षा | प्रमोदकुमार देवपूरा | संदीप दम्मानी | कान्ता मालपानी | गौरी डागा |
| मंत्री / संयोजक | नारायण मालपानी | ओमप्रकाश गांधी | सविता माहेश्वरी | व्योम बिन्नानी |

कार्यक्रम संयोजिका : मंजु भाला

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। • कार्यक्रम के पश्चात् सहभोज (सशुल्क) की व्यवस्था हैं।

---

## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

### दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट एवं भजन संध्या

शनिवार, 18-11-2023 सायं 6 बजे

भजन - किर्तन प्रस्तुति : **नित्यानंद चरण दास प्रभुजी**

आध्यात्मिक परामर्शदाता एवं लेखक

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित है।

स्थल : माहेश्वरी भवन, गिरगांव

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | हर्षद केला | रामअवतार चाण्डक |
| दक्षिण मुम्बई महिला समिति | सुनिता राठी | दुर्गा चाण्डक |
| दक्षिण मुम्बई युवा समिति | निधी सोमानी | पद्मिनी मालपानी |

---

## मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

### दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट प्रसाद, भजन संध्या एवं मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन

**शनिवार दि. 25 नवम्बर 2023, सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक**

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**स्थल :** श्री श्री रविशंकर हॉल, परमेश्वरी टावर, पहला माला, अचिजा होटल के पास, मुलुण्ड (प.)

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| मुलुण्ड क्षेत्रीय समिति | नन्दकिशोर राठी | पंकज परवाल |
| मुलुण्ड महिला समिति | पूनम राठी | वैशाली नावन्दर |
| मुलुण्ड युवा समिति | राकेश भट्टड़ | विनय सोमानी |

---

## अभिनन्दन ! अभिनन्दन !! अभिनन्दन !!!

वडोदरा के श्री दर्पन सतीशजी इनानी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए चीन में आयोजित Asian Para Games 2023 में CHESS Men's Individual Rapid VI-BI एवं Chess Men's Team Rapid VI-BI में स्वर्ण पदक हासिल करते हुए माहेश्वरी समाज का ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष का नाम रोशन किया है। मण्डल परिवार श्री दर्पनजी का इस महान उपलब्धि पर हार्दिक अभिनन्दन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सुयश प्राप्त होता रहे, ऐसी मंगल कामना प्रदान करता है।

नारायण मालपानी - मंत्री

## बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# दीपावली स्नेहमिलन एवं अन्नकूट महाप्रसाद



मुख्य आकर्षण
**श्री राम की शक्ति पूजा**
नाट्य रूपान्तर श्री रामानुज भट्टड़
एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति

**शनिवार, 18 नवंबर 2023 सायं : 6.01 बजे से..,**
**स्थान - माहेश्वरी प्लॉट, लिंक रोड, बोरीवली (प.)**

**लकी ड्रॉ एवं आश्चर्यजनक उपहार**

| | अध्यक्ष/अध्यक्षा | संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| क्षेत्रीय समिति | रामकिशोर काबरा-9324316570 | सुनील नुवाल-9820057941 |
| महिला समिति | सरोज लड्ढा-9819623888 | संगीता माहेश्वरी-9820713770 |
| युवा समिति | कृष्णा रान्दड़-9920901422 | नेहा लोया चिचानी-9819295949 |

**कार्यक्रम संयोजक** - जितेन्द्र डागा - 9820729450

**वेलेट पार्किंग सुविधा उपलब्ध है।**

**समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।**

---

## मालाड क्षेत्रीय समितियों

द्वारा आयोजित

# दीपावली स्नेहमिलन

# सुरमई शाम

अपनों के नाम

**MUSICAL GAMES PRIZES AND SURPRISES**

**गायिका : वैशालीजी कोठारी एवम् मानसीजी दम्मानी**



**शनिवार, दिनांक - 25.11.2023**
**समय - 4.30 बजे से**

**स्थान - माहेश्वरी भवन, लिंक रोड,**
**ओशिवरा पुलिस स्टेशन के पास, अंधेरी (प)**

**कार्यक्रम संयोजिका - सुनीता सारडा - 93247 48773**

| | अध्यक्ष / अध्यक्षा | संयोजक / संयोजिका |
|---|---|---|
| मालाड क्षेत्रीय समिति | बजरंगलाल असावा | निखिल चांडक |
| मालाड महिला समिति | मिनू सोनी | ज्योत्सना सारडा |
| मालाड युवा समिति | राहुल हेडा | दिपीका टावरी |

**समाजबंधु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।**
**कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसाद अवश्य ग्रहण करें।**
**Valet Parking Available**

---

## घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

# मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता


## (Millets Food Competition) एवं

## सात्विक आहार क्या है एवं उसके लाभ

**प्रस्तुति :** श्रीमती तृप्तीजी माहेश्वरी

शनिवार दि. 16 दिसम्बर 2023,
अपराह्न 3 से 5 बजे तक
**स्थल :**
माहेश्वरी भवन, घाटकोपर

- प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 10 दिसम्बर 2023 के पूर्व रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य (Mandatory) है।
- Millets से बने व्यंजन (मीठा/नमकीन) सम्पूर्ण सजावट के साथ प्रस्तुत करना होगा एवं उसकी विधि लिखित रूप में प्रस्तुत करनी होगी।





सभी बहनें सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।
कविता चितलांगिया - 98925 36868 • स्वाति काबरा - 98671 22621
राजेश्वरी मोहता - अध्यक्षा - 99697 29115 • मंजु गग्गड़ - संयोजिका - 98334 81415



सब कुछ कॉपी हो सकता है लेकिन चरित्र, व्यवहार, संस्कार और ज्ञान नही।

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल – बोरीवली प्लॉट

### फीजियोथेरेपी सेन्टर

**डॉ. देविका बहल** MSc (O.T.)

सोमवार से शनिवार प्रतिदिन

प्रात: 8.30 से 10.30 बजे तक

सायं 4.30 से 6 बजे तक by appointment only

For appointment Pls. call 98212 35760
between 9am to 2pm

### ऑर्थोपेडिक कन्सल्टन्सी

**डॉ. विविध मकवाना**

ऑर्थोपेडिक सर्जन

समय : हर मंगलवार

दोपहर 3 से 4 बजे तक

For appointment Pls. call : 85915 28918

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।

**गोकुल सारडा** - संयोजक - 93232 74065 (बोरीवली प्लॉट व्यवस्था समिति)

## *Prevention is better than cure*

इस बात को ध्यान में रखते हुए मण्डल द्वारा रियायती दरों पर निम्नलिखित संस्थाओं के हेल्थ चेकअप पॅकेजेस Radiology (MRI) & Pathology Tests उपलब्ध करवाएं गये हैं। समय समय पर इनकी सम्पूर्ण जानकारी सरसवाणी द्वारा प्रकाशित की जा रही है। यह जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.mumbaimaheshwari.com पर भी उपलब्ध करवाई गई है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें एवम् इन सुविधाओं का लाभ लेवें।

✦ लीलावती अस्पताल - बान्द्रा ✦ बॉम्बे अस्पताल - न्यू मरीन लाईन्स

✦ मेट्रोपोलिस के Pathology Tests

✦ एवं पल्स हाईटेक हेल्थ सर्विसेस प्रा.लि. के Radiology (MRI) Tests


विज्ञापन



# एक प्रश्न युवाओं से - क्या आप बड़े हो गये

उम्र के साथ जीवन में बदलाव आना प्रकृति का नियम है। समय के साथ व्यक्ति, वस्तु और विचार सबमें बदलाव आता है। विशेष कर जब विचारों में बदलाव आता है, तब यदि उन्हें ठीक से नही समझा जाता है तो यह बदलाव जीवन को उलझाने लगता है। बातें छोटी छोटी होती है पर इनकी कड़िया जोडते जोडते जंजीर बन जाती है एवम् आपसी बन्धन टकराव में बदलने लगते है।

आज कल अधिकांश घर में युवा को कुछ भी कहेंगे तो यह सुनने को मिलता है, हम सब समझते हैं, हम बड़े हो गये हैं, हमारे पास सब सूचनाएं है, हमें दुनिया में क्या हो रहा है उसका पूरा ज्ञान है, इत्यादि। कुछ हद तक यह बात सत्य भी है आज की युवा पीढ़ी पढ़ी लिखी है, उन्हें टैक्नोलोजी के ज्ञान के कारण विश्व में जो कुछ चल रहा है उसका पर्याप्त ज्ञान भी है। युवा पीढ़ी शिक्षा व आधुनिक ज्ञान के कारण रोजगार व कमाई भी अच्छे रूप में कर रही हैं। अपने घर की अग्रज पीढ़ी से अधिक काम, नाम व पैसा प्राप्त कर रहे है पर क्या इतना हो जाने पर उन्हें बड़ा मान लिया जाए ? प्रश्न अपने आप में महत्वपूर्ण है इसका उत्तर प्रत्येक युवा का अपनी पारिवारिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है।

युवा चाहे जिस उम्र व परिस्थिति में हो, चाहे जितनी शिक्षा, धन व प्रसिद्धि प्राप्त कर ली हो जब वो निम्न कसौटी पर खरे उतरते हैं तो ही बड़े कहलायेंगे।

## घर की जिम्मेदारी

युवा को बड़ा तब ही माना जा सकता है जब वो अपने घर की ज़िम्मेदारी समझने लगे, उसे सम्भालने लगे अथवा तो जिम्मेदारी में हाथ बंटाने लगे। घर चलाने के लिए पहली आवश्यकता धन कमाना है। सबसे पहले यह समझे की आपका योगदान इस कार्य में कितना है। यदि आप कमाते है, अपने हिसाब से खाते पीते, मौज शौक करते है, घर चलाने की जिम्मेदार पापा, मम्मी या अन्य घर के किसी बड़े की है यह मानते है व इस कार्य में कोई योगदान नही देते या फिर आपका जितना खर्चा है उतना ही योगदान करते है तो वास्तव में आप बड़े नही हुवे हैं। आपको गलतफहमी है कि आप पढ़े लिखे समझदार व जिम्मेदार युवा है।

यदि आप बड़े हो गये हैं तो सबसे पहले यह समझे आपके घर के खर्च क्या है, आपके पापा या परिवार पर कोई देनदारी तो नही है, निकट भविष्य में आपके घर में किस तरह के खर्चे आने वाले है, इस समय आपके घर की आमदनी व खर्चों में क्या अनुपात है इन सबकी जानकारी होना आवश्यक है। यदि परिवार के अग्रज घर चलाने में असमर्थ है या उलझन में हैं तो यह कह कर दूर मत होईये कि 'मैं क्या कर सकता हूँ ? ये तो सब आपका किया धरा है। मुझे तो परेशानी के अलावा मिला ही क्या है ?' यहां समझने वाली बात यह है कि परिवार की अग्रज पीढ़ी, विशेष रूप में माता-पिता, जितना उन्हें ज्ञान था, जितनी उनमें क्षमता थी उसी अनुरूप उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी करने का प्रयास किया है। अब समय आपका है, अतः उन्हें दोषारोपण नहीं देते हुवे स्वयं की क्षमताओं का परिचय देवें व पारिवारिक परिस्थितियों को सुगम बनाने का प्रयास करें तब ही आप वास्तव में बड़े माने जाएंगे।

आज बेटियां अर्थात घर की बहुएं भी किसी न किसी रूप में रोजगार -प्रोफेशन से जुड़कर कमाई कर रही है। यदि युवा बहु भी सिर्फ अपने ज्ञान, अपनी शिक्षा व रोजगार के बुते खुद को बड़ा मान रही है तो वो भी गलत है। प्रत्येक घर का एक अनुशासन होता है अर्थात खाने-पीने, सोने-जागने, रीति-रिवाज, व्रत-त्यौहार, आदर-सत्कार, इत्यादि का एक निश्चित तरीका होता है। घर की अग्रज पीढ़ी इसी तरीके से जीवन जीती है। अतएव युवा बहुओं को चाहिए वो अपनी ससुराल की स्थापित जीवन पद्धति को समझने व अपनाने का प्रयास करें। जहां समय के साथ बदलाव की आवश्यकता है उसे बदलों लेकिन इस बदलाव को समझदारी से करें। अपनी ज़िद या फिर अब समय बदल गया इसलिए आपको बदलना होगा, यह कहकर बड़ी पीढ़ी को चुनौती देते हुवे कार्य नही करें। यहां इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि बड़ी पीढ़ी को समय के साथ चलने, बदलने व सामंजस्य बनाने की जरूरत है। अग्रज पीढ़ी को भी इस घर में ऐसा ही होता आया है अतएव यही ठीक है व ऐसे ही करना होगा, इस


बड़ा बनो पर उनके सामने नही जिन्होंने तुम्हें बड़ा किया है।

मानसिकता को पूरी तरह बदलना होगा। युवाओं का खान-पान, वस्त्र-अलंकार, रहन-सहन, सब बदल गये हैं अतएव उन्हें सिर्फ दोषारोपण या उपदेश देने से काम नही होगा। इस वास्तविकता को स्वीकार करना ही उपयुक्त होगा।

इसके साथ ही युवा बहुओं को सिर्फ धन कमाना अर्थात स्वयं की मान प्रतिष्ठा बढ़ा लेने से ही बड़ा नहीं माना जा सकता। घर उनकी भी जिम्मेदारी है अतएव किचन, ड्राइंग रूम, अतिथि सत्कार, तीज-त्यौहार इनके प्रति जागरूक रहें व इन सब कामों में नियमित हाथ बटायें। सिर्फ स्वयं का या अपने बच्चों का खाना, पहनना, खुद के कमरे की साफ-सफाई कर लेने से आपकी जिम्मेदारी पूरी नहीं होगी। घर व घर की अग्रज पीढ़ी भी अब आपकी जिम्मेदारी है। जब यह दोनों बाते आपके कार्यों में शामिल होगी तब आप बड़े माने जाऐंगे।

## रिश्ते नाते निभाना

युवा पीढ़ी को बड़ा तब ही माना जा सकता है जब वो अपने परि़वार की बड़ी (अग्रज) पीढ़ी को मान सम्मान देवें, साथ ही उनकीज़िम्मेदारी उठाएं एवम् परिवार के रिश्ते नाते निभाएं। अपनी हमउम्र पीढ़ी के साथ मौज-मस्ती करना, घुमने-फिरने जाना अथवा इस पीढ़ी के उत्सवों में शामिल होना अच्छी बात है लेकिन यदि आपको बड़ा बनना है तो घर-परिवार के स्थापित रिश्ते नातों को भी निभाएं, उनसे सम्पर्क में रहें, उनके सुख-दु:ख में सहभागी बनें। मजबूरी से या बिना मन के निभाए जाने वाले सम्बन्ध ज्यादा दिन नहीं चल पाते। अतएव दिल से अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इन्हें सुचारू रूप से निभाने पर ही आपको बड़ा माना जा सकता है।

## बदलाव में बहते नहीं जाए

परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है लेकिन सभी परिवर्तन अच्छे ही होते हैं यह नही समझना चाहिए। यदि प्रत्येक परिवर्तन में व्यक्ति बहता ही चला जाएगा तो उसे कभी भी ठहराव नहीं मिलेगा। अतएव युवा पीढ़ी को चाहे वो परिवार, समाज व राष्ट्र की जो अच्छी व स्थापित परम्पराएं हैं इन्हें समझे व सम्मान देवें। सब कुछ नया है इसलिए अच्छा है, यह विचार उचित नहीं है। सभी रूढ़ियों को पालने की जरूरत नहीं लेकिन परम्पराएं, जिनसे चरित्र का निर्माण होता हो, रिश्ते-नाते मजबूत बनते हो, घर-परिवार में आनन्द का वातावरण बनता हो व समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ती हो, ऐसे कार्य करने पर ही युवाओं को बड़ा माना जा सकता है।

## It's my life

आजकल ये वाक्य बहुत सुनने में आता है, 'ये मेरी जिन्दगी है मैं जैसे चाहूं वैसे जिऊंगा। जिन्दगी एक बार ही मिलती है अत: मुझे मेरे ढ़ंग से जीना है।' इस विचारधारा में जीने वालों से सिर्फ एक प्रश्न है, माना It's your life पर ये जिन्दगी दी किसने है ? आपको इतना बड़ा बनाने में दिन-रात किसने मेहनत की है ? इसका उत्तर बड़ा आसान है, आपके माता-पिता व परिवार ने। अतएव उनसे दूर जाकर आप किसी भी रूप में बड़े नहीं बन सकते। हाँ, यदि आप उनका मान-सम्मान, सेवा-सहयोग करते हो, उन्हें भी अपनी जिन्दगी का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हो तो वाकई आपको बड़ा माना जा सकता है।

। इति शुभम् ।

रमेश मरदा, मुम्बई (सामाजिक व मोटिवेशनल चिन्तक) मो. 98210 98196



दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

**गीता जयन्ती के पावन पर्व पर श्रीमद् भगवत् गीता का पाठ**

शनिवार, दि. 23 दिसम्बर 2023 को दोपहर 2.30 बजे गिरगांव भवन में

श्रीमति सुनिताजी राठी द्वारा किया जायेगा। आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

दुर्गा चाण्डक - संयोजिका - 99872 11044

## RULES FOR AWARDING MERITORIOUS STUDENTS

### APPLICANT's ELIGIBILITY

- Applicant's Parents should presently be residing in Mumbai. MUMBAI includes City of Greater Mumbai viz. in Western Suburb upto Dahisar and in Mira Road, in Eastern Suburb upto Mulund.
- The children of existing members of Maheshwari Pragati Mandal (Mandal) residing out of mumbai can also apply. Applicant should have passed the examination in first attempt.
- Applicant should have passed the examination in one attempt.
- Students whose results were declared after 15th Dec 2022 and before 15th Dec 2023 are eligible for 2023 prizes and should apply with marking **ELIGIBLE FOR 2023**.

### COURSES/INSTITUTIONS ELIGIBLE

- Courses covered and criteria for gold & silver medals as listed on **Page no.11**.
- Unless otherwise mentioned, courses have to be of 2 years or more duration. Courses offered by Institutions based/located in Mumbai and recognized by Mumbai University (MU), SNDT, Other Deemed Universities (ODU).
- Courses offered by institutions based/located in India, provided admissions are based on centralized system eg JEE, NEET, II,. NDA, CLAT, etc.
- Courses offered by institutions based/located outside India will be considered at par.

### WHEN & WHERE TO APPLY

- Applicant should submit the form on or before 20th Dec. 2023, 6 pm along with the necessary documents & students passport size photo only at Mandal's office (Maheshwari Bhawan, 603 JSS Road, Girgaum, Mumbai - 400002) & obtain the acknowledgement.
- Applications received after the said date, but before 31st Dec. 2023, may be considered only for Certificate of Merit, which can be collected from Girgaum office within next 30 days.
- Application forms are available at Maheshwari Bhawans (Girgaum, Andheri & Ghatkopar) & Borivali Plot.
  Form can be obtained from Website: www.mumbaimaheshwari.com/download.

**Shiksha Sahayog Samiti's decision shall be final on selection/rejection of applications**

**Note :** For X and XII passed by different boards, in order to attempt leveling , marks obtained in best of 5 subjects would be considered for calculation of percentage.

**Gaurishankar Bajaj - Adhyaksh - 93225 13551 • Basantkumar Chandak - Sanyojak - 9820029920**

# चिकित्सा सहायता कोष

## (माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत)

## चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।

**चिकित्सा हेतु आर्थिक सहयोग देना इस कोष का उद्देश्य है। आवेदन पत्र में निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करें।**

✦ Medical Report के साथ मरीज के बीमारी की जानकारी। ✦ बीमारी व्यक्ति की संक्षेप में पारिवारिक एवम् आर्थिक जानकारी। ✦ अब तक किये हुए खर्च की विगत एवम् अन्य संस्था द्वारा प्राप्त सहायता की जानकारी। ✦ भविष्य में इलाज के लिए होने वाले खर्च का डॉक्टर द्वारा प्रमाणित Cost Certificate ✦ मरीज की मेडीक्लेम पॉलिसी की जानकारी।

**विशेष नोट :**

1) मुम्बई के बाहर निवास करने वाले समाजबन्धु को अपने स्थानीय माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा सिफारिश पत्र लेना अनिवार्य है।
2) आवेदक को अस्पताल के नाम से चेक दिया जाता है अत: अस्पताल में Admit होने से पूर्व या Admit होते ही आवेदन पत्र कार्यालय में पहुँच जाय इस बात का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

**आवेदन, पूर्ण विगत के साथ, मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।**
**माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002.**
**दूरध्वनि : 22005026 / 27 / 28**

Email : info@mpmmumbai.in • Website : www.mumbaimaheshwari.com

| Category | Courses covered | | Gold | Silver |
|---|---|---|---|---|
| A | **10th** or equivalent | | ⩾95% | ⩾90% |
| B | **12th** or equivalent | Science | ⩾92% | ⩾88% |
| | | Commerce | ⩾90% | ⩾83% |
| | | Arts | ⩾85% | ⩾75% |
| C | **Diplomas** (after Xth/XIIth) | | ⩾85% | ⩾80% |
| D | **Graduation** – BCom, BSc, BCA, BAF, BBM, BMS etc | | ⩾85% | ⩾75% |
| | BA, LLB, Home Science | | ⩾80% | ⩾70% |
| | Design courses, Mass media, Actuarial Science, Geology etc, | | ⩾80% | ⩾70% |
| E | Post Graduate Diploma Courses | | ⩾80% | ⩾65% |
| F | **Post Graduate** – MSc, MCom, MA, LLM, Other PGs | | ⩾80% | ⩾65% |
| G | **PROFESSIONAL COURSES** | | | |
| | CA (ICAI), ICWAI, ICSI & CFA (Final all groups in one attempt) | | ⩾58% | ⩾50% |
| | ICFAI (Level 3 only) | | ALL | |
| H | **ENGINEERING/ARCHITECTURE COURSES** | | | |
| | **GRADUATION - B.Tech., B.E., B.Arch., etc.** | | ⩾80% | ⩾65% |
| | **POST GRADUATION -** M.Tech, M. Chem Engg., M.E., MCA, M.Arch.,etc | | | |
| | All campuses - IITs, IISc, BITS Pilani | | ALL | |
| I | **MANAGEMENT COURSES** | | | |
| | MBA / MMS / PGDM | | ⩾80% | ⩾65% |
| | Indian School of Business (ISB) – Less than 2 years, | | | |
| | All campuses - IIMs | | ALL | |
| J | **MEDICAL COURSES** | | | |
| | B Pharm, M Pharm | | ⩾80% | ⩾65% |
| | MBBS / BDS / BHMS / BAMS /Medical Graduation | | | |
| | PG Diplomas of CPS (College of Physicians and Surgeons of Mumbai)and University | | | |
| | PG Exams like MD / MS / Super Specialisations, DNB | | | |
| K | National Talent Scholarship list Published by NCERT, Maths & Science Olympiad | | ALL | – |
| | PhD - Doctorate | | | |
| | Passed UPSC/MPSC Administrative Exams ie. IAS, IFS, IRS, IPS etc | | | |
| L | Courses completed from foreign institutions/Colleges/Schools | | At par with the courses offered in India | |

**% or equivalent marks**

**For the calculation of CGPA to percentage following rule will be applied :** Either as per the corresponding university/institutes conversion formula from CGPA to percentage or CGPA (after converting out of 10) will be multiplied by 9.5 to get the percentage (and whichever is higher the same will be used for award)

01. संस्कार एवम् सत्संग समिति द्वारा दि. 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2023 तक 9 दिवसीय यात्रा (नैमिषारण्य, अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, सीता समाहित स्थल, प्रयागराज एवम् चित्रकूट) बहुत ही सुगमता व हर्षोल्लास से पूर्ण हुई। कुल 198 यात्री इस यात्रा में सम्मिलित हुए। सभी यात्रियों ने आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

समिति द्वारा दि. 29 अक्टूबर 2023 को अंधेरी भवन में माहेश्वरी भजन सम्राट प्रतियोगिता, सीजन-3 का Grand Finale सम्पन्न हुआ। ग्रुप A-15 वर्ष से 40 वर्ष के 9 तथा ग्रुप B-41 वर्ष व उससे अधिक के 9 प्रतियोगियों ने फिनाले में भाग लिया। 15 से 40 वर्ष के ग्रुप में, प्रथम श्री अमितकुमार रान्दड़ (बोरीवली), द्वितीय श्रीमती श्वेता तापड़िया (बोरीवली) एवं तृतीय स्थान पर श्री विशाल काबरा (बोरीवली) विजयी रहे। 41 वर्ष एवं अधिक आयु के ग्रुप में प्रथम श्रीमती शोभाजी चितलांगिया (गोरेगांव), द्वितीय श्री रणछोडदासजी मारू (कांदिवली) एवं तृतीय स्थान पर श्रीमती सरिताजी राठी (दहिसर) विजयी रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री मलयजी बॅनर्जी एवं श्री सुनीलजी जोहरी ने सभी प्रत्याशियों की बहुत अच्छी तरह से प्रॅक्टीस करवाई। लगभग 400 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। महेश चाण्डक -संयोजक

02 दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा 8 दिवसीय गरबा कार्यशाला का आयोजन दि. 3 से 10 अक्टूबर 2023 तक माहेश्वरी भवन गिरगांव में सम्पन्न हुआ, जिसका 20 बहनों ने लाभ लिया।

दक्षिण मुम्बई महिला तथा युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दि. 15 अक्टूबर 2023 को कृष्णा पैलेस होटल में डांड़िया-गरबा का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसका 115 समाजबन्धुओं ने आनन्द लिया। दुर्गा चाण्डक-संयोजिका

03. गोरेगांव क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा दि. 21 अक्टूबर 2023 को आयोजित गरबा नाईट का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 180 समाजबन्धुओं ने आयोजन का आनन्द लिया। नन्दकिशोर दरक - संयोजक

04. मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा दि. 29 अक्टूबर को वेंकटेश मन्दिर, फणसवाडी में आयोजित गोष्ठी का कार्यक्रम भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ जिसका 60 समाजबन्धुओं ने लाभ लिया। राजेश लोया - संयोजक

05. घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा दि. 24 अक्टूबर 2023 को सुन्दरकाण्ड पाठ भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। लगभग 80 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। नवनीत लोया - संयोजक

06. अंधेरी क्षेत्रीय महिला एवं युवा समितियों द्वारा दि. 28 अक्टूबर 2023 को रास गरबा फीवर का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 200 समाजबन्धुओं ने आयोजन का आनन्द लिया। सविता माहेश्वरी - संयोजिका

07. मुलुण्ड क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा दि. 28 अक्टूबर 2023 को आयोजित डांडिया नाइट, भाण्डुप में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 75 समाजबन्धुओं ने कार्यक्रम का आनन्द लिया। विनय सोमानी - संयोजक

08. घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा दि. 28 अक्टूबर 2023 को डांडिया गरबा रास का आयोजन घाटकोपर भवन में सम्पन्न हुआ। लगभग 70 समाजबन्धुओं ने आयोजन का आनन्द लिया। विनीत बियानी - संयोजक

09. मध्य मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 1 नवम्बर 2023 को गिरगांव भवन में 7 बहनों का करवा चौथ उद्यापन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित गीत संगीत के कार्यक्रम में श्रीमती शीलाजी जाजू ने अपनी प्रस्तुति से खुबसूरत रंग भर दिये। लगभग 140 महिलाओं ने इस आयोजन का आनन्द लिया। मंजु तोषनीवाल - संयोजिका

10. अंधेरी क्षेत्रीय समितियों द्वारा दि. 3 से 5 नवम्बर 2023 को आयोजित 28वां बाल संस्कार शिविर THE CONFIDENT YOU सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। श्री अरुणजी चितलांगिया की टीम के नेतृत्व में Storytelling, Yoga, Drama, Improve Memory आदि कई विषय पर प्रकाश डाला गया। श्रीमती कलाजी मालपानी का Graphology पर स्पेशल सेशन रखा गया। शिविर में लगभग 70 बच्चें सम्मिलित हुये। अभिभावकों ने इस शिविर की बहुत सराहना की। ओमप्रकाश गांधी - संयोजक

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

- मण्डल के सदस्य श्री नन्दकिशोरजी मालपानी एवम् श्री श्यामजी मालपानी के पूजनीय पिताजी श्री राधाकिशनजी मालपानी का वैकुण्ठवास सोमवार, दि. 30 अक्टूबर 2023 को 89 वर्ष की आयु में एवम् पूजनीय माताजी श्रीमती सीतादेवी राधाकिशनजी मालपानी का वैकुण्ठवास बुधवार, दि. 01 नवम्बर 2023 को 84 वर्ष की आयु में अंधेरी में हो गया।
- श्री आदित्यजी मुन्दड़ा के बड़े भ्राता श्री अनिरूद्धजी मुन्दड़ा का आकस्मिक दु:खद निधन दि. 31 अक्टूबर 2023 को 44 वर्ष की आयु में कांदिवली में हो गया।

**दिवंगत आत्मा को चिरशांति हेतु भगवान महेश के चरणों में प्रार्थना।** - मंत्री

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

 गाड़ी में अगर ब्रेक ना हो तो दुर्घटना निश्चित है, जीवन में अगर संस्कार और मर्यादा ना हो तो पतन निश्चित है।

माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल

MVPM SCHOLAR
"Leaders of Tomorrow"

# MVPM Scholar Awards 2023

How to apply?

✓ Link for primary registration
https://www.mvpm.org/scholar
before 30th November 2023.

## Eligibility - Academic Excellence in Advance Studies

✓ Maheshwari students who have completed their studies between 16th March 2022 to 15th November 2023 from any of following disciplines:

- BE / B. Tech / B. Arch / ME / M.Tech / M.Arch / MCA
- BDS / MBBS / MD / MS / M.Ch / DM
- PGDM / MBA
- CA / ICWA / CS / CFA
- Ph.D
- UPSC (selected for appointment)
- Any post graduate degree from a foreign university / college
- Any other discipline in advance studies

## Selection Process for Awardee

✓ The scholars must possess consistently outstanding academic credentials & are selected through a rigorous selection process carried out by distinguished Jury Board.

## Salutation to the Best amongst the Best

✓ **Scholar**
A Gold Medal worth
**Rs. 1,00,000**
with certificate

✓ **Promising Scholar**
A Gold Medal worth
**Rs. 50,000**
with certificate

For more information
scholar@mvpm.org
www.maheshwarischolar.org
Rashmi Bhandari – 7820951145
Office - 20 2567 1090 / 91

Link of Awardees : https://www.mvpm.org/scholar/scholarList

स्थापना १९५७
अविरत समाज सेवा

# Maheshwari Pragati Mandal Mumbai

NURA
Sustained Health with Active-Ai Screening
offers

**Ai Health Screening** at discounted rates for **Maheshwari Pragati Mandal**

NURA IS MODELLED AFTER **THE JAPANESE WAY OF ANNUAL SCREENING**



**Special Offer for Members**

EXPERIENCE THE
**Ai BASED HEALTH SCREENING SERVICES**
AT **NURA** IN JUST
**120* MINUTES!**

**Validity 31st March 2024**
**at NURA centers in India**
- **Mumbai**
- **Bengaluru**
- **Gurugram**

**ACCURATE** Ai technology
**SAFE** Super low radiation
**QUICK** 120* minutes

## I BELIEVE IN SCREENING FOR GOOD HEALTH

*Conditions Apply

FUJIFILM Dr Kutty's Alliance

EXPLORE NURA
www.nura.in

इस सुविधा का लाभ लेने हेतु मण्डल का निर्धारित पत्र प्राप्त करना होगा। यह पत्र गिरगांव भवन, अंधेरी भवन, बोरीवली प्लॉट, घाटकोपर भवन एवम् मण्डल की Website पर उपलब्ध है। मो. 75067 17803 पर मेसेज भेजकर पत्र की E-copy प्राप्त कर सकते है।

For Booking Appointment
ravikumar@nura.in
62350 00708
254D, Dr Annie Besant Rd, Worli, Mumbai, Maharashtra - 400030




सोच बदली जा सकती है लेकिन संस्कार नही, संस्कार दिए नही जा सकते है केवल परिवार से सीखे जाते है।

Post Reg.No. MCS / 047 / 2022-24 RNI No. 22705 / 72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO.Mumbai 400 001.Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.

# माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री ज्योतिप्रसादजी तापड़िया**

(Chairman, Famy Group of Companies)

**शनिवार दि. 6 जनवरी 2024 सायं 6 बजे**

**स्थल : श्री षण्मुखानन्द चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती सभागार, किंग्ज सर्कल, मुम्बई**

बेजोड कथानक, अभिनय, निर्देशन और दमदार संवादों की पेशकश




*Nice Play....*

**Demonstrating the Generation Gap, Different Views of Thinking, Filled with Emotion and Love, Heart touching Act and Superb Dialogue Delivery.**

**समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।**

**निवेदक**

| | |
|---|---|
| रमेश गट्टानी - अध्यक्ष | प्रमोदकुमार देवपुरा - अध्यक्ष |
| राजेन्द्रप्रसाद झंवर - संयोजक | नारायण मालपानी - मंत्री |
| (वार्षिक कार्यक्रम समिति) | (माहेश्वरी प्रगति मण्डल) |

सरसवाणी

Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **टे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani